शनिवार
12 फरवरी 2022



पृष्ठ 4
**विटामिन- ए की कमी को दूर करने में सक्षम हैं फल**



पृष्ठ 5
**मिस्टर मम्मी के साथ पर्दे पर साथ नजर आएंगे रितेश, जेनेलिया**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 19
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com
Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

लोकतंत्र के पौधे का, चाहे वह किसी भी किस्म का क्यों न हो तानाशाही में पनपना संदेहास्पद है।
— जयप्रकाश नारायण

### चुनाव से दो दिन पहले सीएम धामी का एक और संकल्प

## सूबे में सरकार बनते ही यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करेंगे

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि राज्य में भाजपा की सरकार के शपथ ग्रहण के तुरंत बाद सिविल कोड लागू करने का काम किया जाएगा। धामी का कहना है कि इसका दायरा विवाह, तलाक, जमीन-जायदाद और उत्तराधिकार जैसे विषयों पर सभी नागरिकों को सामान अधिकार मिलने चाहिए। चाहे वह किसी भी जाति-धर्म को मानने वाले हो। मुख्यमंत्री का कहना है कि संविधान निर्माताओं का सपना पूरा करने की दिशा में यह एक प्रभावी कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि इससे समान नागरिक अधिकारों की अवधारणा को बल मिलेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने घोषणा की है कि भाजपा की सरकार के शपथ ग्रहण के बाद वह सेवानिवृत्त न्यायविदो व प्रबुद्ध



लोगों की एक समिति का गठन करेंगे जो यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करेगी। जिस पर विचार विमर्श के बाद संविधान की धारा 44 प्रदत्त राज्य के अधिकारों के तहत इसका प्रस्ताव पारित करके केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। हिजाब के विवाद पर मुख्यमंत्री धामी का कहना है कि यह गलत है, शैक्षिक संस्थानों को ड्रेस कोड के मामले को सांप्रदायिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए।

जनसंख्या असंतुलन के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमने इस पर बहुत पहले काम करना शुरू कर दिया है। समिति गठित की जा चुकी है कुछ जगहों और क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति और सभ्यता को बचाने का काम किया जाएगा उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय और सामाजिक सुरक्षा के साथ किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

### कांग्रेस ने बताया चुनावी शगुफा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सरकार बनने पर राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की घोषणा को एक चुनावी शगुफा बताते हुए कांग्रेस ने कहा है कि चुनाव में अपनी हार की आशंकाओं से घिरी भाजपा अब शगुफे बाजी कर रही है। कांग्रेस नेता गरिमा दसोनी का कहना है कि 5 साल से उत्तराखंड में भाजपा की ही सरकार थी उन्हें एक बार भी सिविल कोड की याद क्यों नहीं आई? उन्होंने कहा कि भाजपा को करना कुछ नहीं है सिर्फ शगुफे बाजी करना है। उन्होंने कहा कि 2017 में सरकार बनने पर 100 दिन में लोकायुक्त गठन की घोषणा की थी उसका क्या हुआ क्या 5 सालों में लोकायुक्त का गठन हो गया।

## भाजपा झूठ की राजनीति करती हैः प्रियंका

संवाददाता

देहरादून। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तराखंड में धुआंधार तीन जनसभाओं को संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने का प्रयास किया। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह धर्म और जाति की बात क्यों करती है? महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों पर क्यों बात नहीं करती? उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ झूठे प्रचार के दम पर चुनाव जीतना चाहती है। उन्होंने कहा कि हम हर हाल में इस चुनाव में भाजपा को हरायेगें और सत्ता में आएंगे।

प्रियंका गांधी ने आज खटीमा जहां से मुख्यमंत्री धामी के खिलाफ भुवनचंद कापड़ी चुनाव मैदान में हैं, हल्द्वानी और श्रीनगर में ताबड़तोड़ जनसभाएं की। प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को भाजपा के नेताओं से पूछना चाहिए कि उन्होंने 5 साल में सत्ता में रहते हुए कितने लोगों को रोजगार दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 28 हजार पद खाली पड़े हैं लेकिन प्रदेश के युवा मारे-मारे फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जब चुनाव हो रहा है तो फिर रोजगार देने का वायदा कर रहे हैं। उन्होंने



**● बात करनी है तो बेरोजगारी, महंगाई तथा पलायन पर बात करें भाजपा**

कहा कि भाजपा रोजगार देती तो राज्य से युवा पलायन क्यों करते? प्रियंका ने महिलाओं को चूड़ियां और बिंदिया बांटने पर कहा कि महिलाओं को भी उनसे पूछना चाहिए कि उन्होंने नौकरियां कितनी बांटी है। क्या चूड़ी और बिंदियों से पेट की भूख शांत हो सकती है। उन्होंने कहा कि धर्म और जाति के मुद्दों पर हम राजनीति नहीं करते हम विकास की बात करते हैं। विकास की राजनीति करते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि देश के किसान एक साल तक तीन कृषि कानूनों को लेकर आंदोलन करते रहे लेकिन प्रधानमंत्री ने उनकी बात नहीं सुनी और जब चुनाव आया तो उन्हें लगा कि किसान उन्हे हराने वाले हैं तो उन्होंने तीनों कानून वापस ले लिए।

◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में सीआरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट शहीद

रायपुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शनिवार को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक अधिकारी शहीद हो गया। अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी। घटना जिले के तिम्मापुर में उस वक्त हुई, जब सीआरपीएफ की १६८वीं बटालियन का एक गश्ती दल सड़क मार्ग खुलवाने और सफाई की ड्यूटी के लिए निकला था। अधिकारियों ने बताया कि सहायक कमांडेंट एस बी टिर्की को गोली लगी और बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया।

राजधानी रायपुर से करीब ४४० किलोमीटर दूर इलाके में फिलहाल तलाश अभियान जारी है। यह घटना उस वक्त हुई जब सीआरपीएफ की १६८वीं बटालियन का दल सड़क मार्ग खुलवाने और सफाई की ड्यूटी के लिए निकला था। इससे पहले भी दिसम्बर महीने में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कमांडो की मौत हो गई थी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया था कि जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र के अंतर्गत पालाचलमा गांव के जंगल में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ के २०८ कोबरा बटालियन के जवान विरेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। घटना के बाद विरेंद्र सिंह को जंगल से बाहर निकाला गया और किस्टाराम के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## पिछले 24 घंटे में देश में कोविड-19 संक्रमण के 50407 मामले सामने आए, संक्रमण से 804 लोगों की मृत्यु हुई

नई दिल्ली। भारत में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार गिरावट जारी है। पिछले २४ घंटे में देश में कोविड-१९ संक्रमण के ५०,४०७ नए मामले सामने आए हैं, जोकि कल के मुकाबले १३ प्रतिशत कम हैं, जिसके बाद कुल सक्रिय मामलों का आंकड़ा ६,१०,४४३ हो गया है। वहीं, १,३६,९६२ लोग ऐसे भी रहे जो कोरोना वायरस से ठीक भी हुए, जबकि इससे ८०४ लोगों की मृत्यु भी हुई। इसके बाद अब मरने वालों की संख्या ५ लाख ०७ हजार ९८१ हो गई है। इस दौरान दैनिक पॉजिटिविटी रेट ३.४८ प्रतिशत रहा, जो शुक्रवार के मुकाबले कम है।

शुक्रवार को कोविड-१९ संक्रमण के ५८,०७७ नए मामले सामने आए थे,



जिसके बाद कुल मामलों की संख्या अब ४२,५३६,१३७ हो गई थी। कल भारत में ६६७,८०२ सक्रिय मामले मौजूद थे। यही नहीं, शुक्रवार को १५०,४०७ लोग कोविड-१९ संक्रमण से ठीक भी हुए थे, जिसके बाद इस बीमारी से कुल ठीक हुए मरीजों का आंकड़ा ४१,३३१,१५८ हो गया था। हालांकि, कल ६५७ लोगों की कोरोना संक्रमण से मौत भी हुई थी। इसके बाद मरने वालों का आंकड़ा ५ लाख ०७ हजार १७७ हो गया था। वहीं, इस दौरान दैनिक पॉजिटिविटी रेट ३.८९ रहा।

पिछले २४ घंटों में ४६.८२ लाख से अधिक (४६,८२,६६२) वैक्सीन खुराक के साथ भारत का कोविड-१९ टीकाकरण कवरेज आज सुबह ७ बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार १७२.२९ करोड़ (१,७२,२९,४७,६८८) से अधिक हो गया है। यह १,९२,७६,३९८ सत्रों के माध्यम से हासिल किया गया है।

पिछले २४ घंटों में १,३६,९६२ मरीज ठीक हुए हैं और ठीक होने वाले रोगियों की कुल संख्या (महामारी की शुरुआत के बाद से) अब ४,१४,६८,१२० है। नतीजतन, भारत की रिकवरी दर ९७.३७ फीसदी है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# आप किसका बिगाड़ेगी खेल

उत्तराखंड विधानसभा चुनाव अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंचने वाला है। आज शाम चुनाव प्रचार का कोलाहल थम जाएगा। अब तक हर बार उत्तराखंड का चुनाव कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होता आया है खास बात यह है कि सूबे की जनता भी बारी-बारी से उन्हें सत्ता में आने का मौका देती रही है जनता ने अब तक किसी भी एक दल को दोबारा मौका क्यों नहीं दिया? इस सवाल का जवाब है जनता को दोनों में से किसी एक पर भी भरोसा न होना। भाजपा या कांग्रेस दोनों में से किसी एक को चुनना उत्तराखंड के लोगों की मजबूरी रही है क्योंकि जनता के पास राज्य गठन से लेकर अब तक कोई तीसरा विकल्प ही नहीं है। यूकेडी और बसपा जैसे दलों ने पहले दो तीन चुनावों में थोड़ी बहुत सक्रियता दिखाई थी लेकिन उनके नेता निजी स्वार्थों की बलि चढ़ गए और वह अपनी विश्वसनीयता खो बैठे। 2022 के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने राज्य की सभी 70 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए हैं और वह स्वयं को राज्य की जनता के सामने पूरे दमखम के साथ एक तीसरे विकल्प के रूप में पेश कर रही हैं। आम आदमी पार्टी जहां अपने प्रचार में भाजपा व कांग्रेस को कड़ी टक्कर देती देखी है वहीं उसने अपने चुनावी वचन पत्र में जो दावे व वायदे किए हैं उनमें भी भाजपा कांग्रेस को पछाड़ दिया है। भाजपा व कांग्रेस के नेता भले ही आप की दावेदारी को यह कहकर खारिज कर रहे हो कि उनका राज्य में कोई न तो कोई संगठनात्मक ढांचा है और न कोई आधार, लेकिन इसके बीच ही आम आदमी पार्टी चमत्कारिक परिणामों की उम्मीद लगाए हुए हैं। आम आदमी पार्टी को क्या मिलता है? और उनके चुनाव मैदान में आने से किसे नुकसान या फायदा होता है इसकी समीक्षा और आकलन भले ही 10 मार्च को चुनाव परिणाम आने पर ही संभव होगा, लेकिन आप को हल्के में नहीं लिया जा सकता है। भले ही वह ऐसा कोई चमत्कार न कर सके कि अपने बूते पर सत्ता तक पहुंच जाए लेकिन वह भाजपा और कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचने से रोकने में भी कामयाब हो जाती है उसके लिए यह भाजपा और कांग्रेस से भी बड़ी जीत साबित हो सकती है। क्योंकि ऐसी स्थिति में सत्ता की चाबी उसके ही हाथ होगी। आप की पहली कोशिश भी यही है कि उसे अगर 8 से 10 सीटों तक पहुंचने में सफलता मिल सके तो वह भाजपा और कांग्रेस दोनों का खेल बिगाड़ सकती है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के वचन पत्र में जो बातें कही गई है उन्हें देखकर यह जरूर लगता है कि इन वायदों को पूरा किया जाना मुश्किल ही नहीं असंभव है। यही कारण है कि कांग्रेस और भाजपा के नेता अब यह प्रचार कर रहे हैं कि उन्हें पता है कि उन्हें सत्ता में आना तो है ही नहीं इसलिए कुछ भी वायदे कर दो, लेकिन यह भी आज की राजनीति का हिस्सा है ठीक वैसे ही जैसे झूठ की राजनीति का चलन है।

# चुनावी वेला में झूमने का झमेला

सहीराम

चुनाव के साथ दारू का रिश्ता कुछ वैसा ही माना गया है जैसा रिश्ता चुनाव के साथ जाति-धर्म का होता है। कभी धर्म को अफीम कहा गया था, पर चुनाव के वक्त जाति और धर्म दोनों ही दारूवाली किक तो अवश्य ही देते हैं। बेशक यह रिश्ता घातक है। लेकिन चुनाव के वक्त दारू का जिक्र करना इसलिए तो नहीं छोड़ा जा सकता कि इससे लोकतंत्र की अवमानना होती है। लोकतंत्र की अवमानना तो जाति और धर्म का नाम लेने से भी होती है, लेकिन उनका नाम लेना कोई छोड़ तो नहीं देता। नेताओं की बात तो छोड़िए जनाब इधर तो साधु-संत तक बड़े गर्व से अपनी जातियां बता रहे हैं। पहले गर्व से धर्म बताया जाता था, अब जाति भी बताई जा रही है और गर्व इतना है जनाब कि मेरी जाति में तो भगवान ने भी बार-बार जन्म लिया है। जैसे भगवान धरती पर बार-बार जन्म धर्म की हानि होने पर नहीं लेते बल्कि इसलिए लेते हैं ताकि लोग अपनी जाति पर गर्व कर सकें। जैसे यह माना जाता है कि चुनाव आ रहे हैं तो जाति और धर्म तो होगा ही, वैसे ही यह भी माना जाता है कि चुनाव आ रहे हैं तो दारू मुर्गा तो होगा ही। फिर बेशक यह चोली-दामन का साथ न हो।

दारू पिलाकर मतदाता को मुर्गा बनाने का रिवाज काफी पुराना माना गया है। फिर भी चुनाव का वक्त दारूबाजों के लिए जीने का वक्त होता है। कुछ-कुछ इसी अंदाज में कि अभी तो हाथ में जाम है, कभी मिली फुर्सत तो लोकतंत्र की भी सोची जाएगी। ऐसे में कोई लल्लू ही होगा, जो यह कहेगा कि यह जीना भी कोई जीना है लल्लू! जीओ और जीने दो की तरह इस वक्त नेताओं का नारा होता है-पीओ और हमें जिताओ। विडंबना यह है कि पीकर जीने का यह जो वक्त है, इसी वक्त लोग पीकर मर रहे हैं। दारू पीकर मरने के रिवाज का इधर नवीकरण हुआ है और इसका श्रेय बिहार सरकार को दिया जाना चाहिए, जिन्होंने बिहार में दारूबंदी कर दी। दारूबंदी एक तरह से पीकर जीने का नहीं, पीकर मरने का न्यौता होता है।

दारूबंदी करने से बताते हैं कि दारू के लिए आकर्षण बढ़ जाता है। आकर्षण के बिना चाहत नहीं बनती। फिर दारूबंदी उद्यमशीलता को भी बढ़ावा देती है। जी नहीं यह तस्करी की बात नहीं है। हालांकि दारूबंदी और तस्करी का चोली-दामन का साथ होता है। किसी जमाने में सोने और तस्करी का यही संबंध होता था, जिसने बड़े-बड़े तस्करों को जन्म दिया। खैर, उद्यमशीलता इस माने में कि दारूबंदी से नए-नए स्टार्टअप शुरू हो जाते हैं। दारूबाज लोकल के लिए वोकल हो जाता है। यह एक तरह से बड़ी कंपनियों के खिलाफ स्वदेशी टाइप का अभियान होता है। बस समस्या यही है कि इस स्वदेशी अभियान में जानें जा रही हैं। सचमुच इसे पीकर जीने के इस वक्त की पनौती माना जाना चाहिए।

## उत्तराखण्डः भूकंप से फिर कांपा पहाड़

संवाददाता

उत्तरकाशी। उत्तराखण्ड के पहाड़ी क्षेत्र उत्तरकाशी में आज सुबह भूंकम्प के झटके महसूस किये गये। जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 आंकी गयी है।

आज सुबह लगभग पांच बजकर तीन मिनट पर उत्तरकाशी से लगभग 39 किलोमीटर दूर टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किये गये है। जिसके बाद क्षेत्र में अफरा तफरी फैल गये। लोग दहशत के मारे घरों से बाहर आ गये। हालांकि भूकंप के इन झटकों से किसी तरह के जान माल के नुकसान की बात सामने नहीं आयी है। नेशनल सेंटर फार सीस्मोलाजी के अनुसार भूंकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.1 मापी गयी है।

## जीतने पर माता मंदिर ओवर ब्रिज प्राथमिकताः बिष्ट

देहरादून (सं)। रायपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी हीरा सिंह बिष्ट ने जनसम्पर्क करते हुए वादा किया कि जीतने के बाद वह अजबपुर माता मन्दिर मार्ग पर रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण करायेंगे। आज यहां रायपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि जीतने पर अजबपुर माता मंदिर मार्ग पर रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण प्राथमिकता से किया जायेगा जिससे जनता को राहत मिल सके । उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा विकास पर ध्यान दिया है । उन्होंने कहा वो क्षेत्र की समस्याओं से भली भांति परिचित है और जीतने पर उनका निदान होगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में रायपुर का विकास प्रभावित हुआ है। कांग्रेस नेता त्रिलोक सिंह सजवान ने कहा कि



पिछले पांच वर्षों में विधायक उमेश शर्मा क्षेत्र से नदारद रहे और मुख्यमंत्री से विवाद की वजह से कोप भवन में ही रहे । उन्होंने कहा कि एक तरफ धनबल से चुनाव लडा जा रहा है दूसरी तरफ ईमानदार छवि के अनुभवी व्यक्तित्व के धनी हीरा सिंह बिष्ट हैं । कांग्रेस के प्रदेश सचिव महेश जोशी ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी हीरा सिंह बिष्ट मजदूरो, कर्मचारियों, महिलाओ, छात्रों, युवाओं हर वर्ग के नेता हैं और राज्य आंदोलन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका रही । उनके विधायक बनने से क्षेत्र का ही नही सम्पूर्ण प्रदेश का विकास होगा । जन संपर्क के दौरान सरस्वती विहार के वार्ड अध्यक्ष कैलाश रमोला,संतोषी रावत, जय श्री सजवान,मानवेंद्र बर्तवाल,मनोज भंडारी, सतेंद्र उनियाल, आदिल,आशीष गुसाई, संजय उनियाल ,संजय शर्मा,जयंत कुमार, विशाल ने मौजूद थे।

## मतदान कर्मियों का अंतिम रेंडमाइजेशन किया

बागेश्वर (आरएनएस)। मतदान कार्मिकों व माइक्रो आर्ब्जवर का अंतिम रेंडमाइजेशन शुक्रवार को सामान्य प्रेक्षक कृष्णकांत पाठक, व्यय प्रेक्षक गजेंद्र सिंह व जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार की मौजूदगी में कलक्ट्रेट सभागार में किया गया।

प्रेक्षक ने बताया कि अंतिम रेंडमाईजेशन में अब प्रत्येक मतदान पार्टी को बूथ निर्धारित हो गया है। निर्वाचन को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से कराने के लिए आयोग द्वारा कार्मिकों का रेंडमाइजेशन अनिवार्य होता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि जनपद की दोनों विधानसभाओं हेतु १८८-१८८ टीमें बनाई हैं, जिसमें एक-एक सखी टीमें है। ५८ मतदान पार्टियों रिजर्व में रखी गई हैं, इस तरह कुल ४३२ व चार सखी मतदान पार्टियों का रेंडमाईजेशन किया गया।

उन्होंने सभी को निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन का पूरा पालन करने व कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मतदान हेतु तैनात ४६ माईक्रोआर्ब्जवर का भी रेडमाइजेशन किया गया। इस मौके पर सीडीओ डीडी पंत, एडीएम चंद्र सिंह इमलाल, आरओ हरगिरी, डीडीओ संगीता आर्या, डीआईओ एनआईसी भावेश जगरिया आदि मौजूद थे।

## भाजपा झूठ की राजनीति करती हैः प्रियंका

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

नोटबंदी और जीएसटी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के इन दो कामों ने देश के आम आदमी को बर्बाद कर दिया है। नोटबंदी काला धन रोकने के लिए की गई थी लेकिन नोटबंदी में उनके दोस्तों का सारा काला धन सफेद हो गया। जीएसटी ने छोटे व्यापारियों व दुकानदारों को तबाह कर डाला और अब वह आत्महत्या करने पर विवश है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि देश का आम आदमी आज महंगाई के कारण मरा जा रहा है लेकिन उन्हें उस गरीब आदमी की कोई चिंता नहीं है उन्होंने कहा कि इस बार झूठे सपने दिखाने वाली भाजपा को आप को बाहर का रास्ता दिखाना है। उन्होंने कहा कि सिर्फ कांग्रेस ही आम आदमी का दर्द समझती है और उसकी समस्याओं का समाधान कर सकती है।

गम्भीरेण न उरुणामत्रिन्प्रेषो यन्धि सुतपावन्वाजान्।
स्था ऊ षु ऊर्ध्व ऊती अरिषण्यन्नक्तोर्व्युष्टौ परितक्म्यायाम्।।

(ऋग्वेद ६-२४-६)

हे सर्वशक्तिमान और पवित्र करने वाले प्रभु ! हम दिन-रात आपके रक्षण में रहें। हम आप की प्रेरणा से अन्न और बल प्राप्त करते रहें। हम विचारशील और दूसरों के लिए विशाल हृदय वाले बनें।

O, Omnipotent and purifying Lord ! May we be under your protection day and night. May we keep getting food and strength from your inspiration. Let us be considerate and have a big heart for others. (Rig Veda 6-24-9)

## बैंक एकाउंट हैक कर निकाले लाखों रुपये, मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। बैक का आईएमपीएस फंड एकाउंट हैक कर 1 लाख 67 हजार रूपये निकालने के मामले में पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक त्यागी मार्केट प्रेमनगर की शाखा प्रबंधक श्रीमती पायल गोयल ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके बैंक में गौतम सक्सैना पुत्र सुरेश सक्सैना निवासी विंग नम्बर 7 प्रेमनगर ने बैंक में बचत खाता खुलवाया। जिसमें मात्र 47 रूपये हैं। उन्होंने बताया कि गौतम सक्सैना ने 6 नवम्बर 2021 से 14 नवम्बर 2021 के बीच मोबाइल बैंकिंग के माध्यम 1 लाख 67 हजार 100 रूपये का ट्रांसेक्शन किया गया जो कि उनके खाते में नहीं थे। गौतम सक्सैना ने यह सारी ट्रांसेक्शन उनके द्वारा बैंक के आईएमपीएस फंड एकाउंट को हैक करके की गयी जिससे रकम उनके खाते से नहीं कटी जिस खाते में यह रकम भेज रहे थे उसमे जमा हो गयी। उन्होंने बताया कि यह सारी रकम बैंक के आईएमपीएस फंड एकाउंट से कट गयी। बैंक के आईटी सेल द्वारा उन्हें ऐसा ना करने के लिए कहा गया पर उन्होंने जानबूझकर बैंक के फंड का दुरूपयोग किया (यह बैंक का इंटरनल एकाउंट होता है)। जिसके माध्यम से ही कोई भी ग्राहक मोबाइल बैंकिंग के द्वारा निधि अन्तरित कर पाता है। बैंक ने गौतम सक्सैना व उसके परिवार से सम्पर्क कर बैंक की राशि लौटाने के लिए कहा गया तथा उनको नोटिस भी भेजा गया लेकिन उनके द्वारा कोई रकम नहीं लौटायी गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कार वापस ना करने पर मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। कार किराये पर लेकर वापस ना करने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार त्यागी रोड निवासी मनजीत सिंह बिन्द्रा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बुलन्दशहर निवासी योगेन्द्र उसके बेटे से कार किराये पर लेकर गया था। एक माह बीत जाने के बाद जब उसके बेटे ने योगेन्द्र से कार वापस मांगी तो उसने देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने अमानत में ख्यानत करने का मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी।

# कस्टमर केयर अधिकारी बन ठगे हजारों

संवाददाता

देहरादून। कस्टमर केयर अधिकारी बनकर खाते से हजारों रूपये उडा दिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार छिद्दरवाला निवासी हेमराज सिंह पुत्र पुष्कर सिंह ने रायवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके मोबाइल पर एक कॉल आयी और कॉल करने वाले ने अपने आपको कस्टमर केयर अधिकारी बताते हुए उसको एनी डेस्क एप डाउनलोड करने के लिए कहा। उसने जैसे ही एनी डेस्क एप डाउनलोड किया तो थोडी देर बाद ही उसके खाते से 51 हजार 222 रूपये निकल गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्लेमनटाउन थाना पुलिस ने आशारोहडी चैक पोस्ट पर चैकिंग के दौरान मोटरसाईकिल सवार दो युवकों को रूकने का इशारा किया तो पुलिस को देख वह मोटरसाईकिल मोडकर भागने लगे तो पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही पकड लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके कब्जे से 16 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम शिवम अरोडा पुत्र विनोद अरोडा निवासी चुक्खुवाला व अभिजीत पुत्र वरिन्दर सिंह निवासी मच्छी बाजार बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्रचार के अंतिम चरण में पूरी ताकत झोंकीं

चमोली (आरएनएस)। आगामी १४ फरवरी को होने वाले विधान सभा के मतदान में मात्र दो दिन शेष रहने के साथ ही राजनैतिक गतिविधियां अचानक बढ़ गयी है। प्रत्याशी एवं उनके समर्थकों ने प्रचार के अंतिम चरण में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी के तहत भाजपा प्रत्याशी अनिल नौटियाल ने गत देर शांम मठकोट पज्याणा में अपने लिए लोगों का समर्थन मांगा। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी टीका प्रसाद मैखरी ने रोहिड़ा– सारकोट–परवाडी में अपने समर्थको के साथ अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की है। वहीं कांग्रेस, आप, भाकपा, यूकेडी सहित निर्दलीय मदन भंडारी एवं बलवंत नेगी के समर्थक भी जनता को अपने पक्ष में करने के लिए पसीना बहा रहे हैं। बताते चले कि ६ – कर्णप्रयाग विधान सभा में दो विकासखंड़ कर्णप्रयाग एवं गैरसैंण शामिल हैं। लेकिन गैरसैंण विकासखंड़ के किसी भी व्यक्ति को राष्ट्रीय अथवा क्षेत्रीय पार्टी ने टिकट नहीं दिया है हालांकि यहां वोटरों की संख्या कर्णप्रयाग विख से ६ हजार अधिक है, गीष्मकालीन राजधानी क्षेत्र है।

# कांग्रेस प्रत्याशी नैथानी ने मांगा धारी देवी में पूजा-अर्चना कर जीत का आशीर्वाद

श्रीनगर (आरएनएस)। देवप्रयाग से कांग्रेस प्रत्याशी मंत्री प्रसाद नैथानी ने अपने समर्थकों के साथ कीर्तिनगर से चौरास होते हुए धारी गांव तक जन संपर्क अभियान चलाया। जबकि सिद्धपीठ धारी देवी पहुंचकर पूजा–अर्चना करते हुए जीत का आशीर्वाद लिया। धारी देवी में पूजा करने के बाद सुपाणा, धारी, मढ़ी चौरास, नैथाणा, जाखणी सहित कीर्तिनगर आदि क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से १४ फरवरी को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# कंडारी ने कीर्तिनगर, जाखणी, चौरास में मांगा जनसमर्थन

श्रीनगर (आरएनएस)। देवप्रयाग विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी विनोद कंडारी ने शुक्रवार को कीर्तिनगर, जाखणी, चौरास में जन समर्थन मांगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने ढोल–दमाऊं के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्रीनगर में मोदी की ऐतिहासिक रैली हुई है। कहा उन्होंने राज्य के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की है। कहा यदि दुबारा समर्थन मिलने पर वह देवप्रयाग विधानसभा की तस्वीर बदल देंगे। कंडारी ने कहा कि मोदी ने युवाओं, महिलाओं को केंद्र में रखते हुए डबल इंजन की सरकार में राज्य के विकास का खाका तैयार किया है। यदि राज्य में भाजपा की सरकार रहेगी तो केंद्र की योजनाओं का लाभ यहां के लोगों को बेहतर ढंग से मिल सकेगा। उन्होंने पांच साल में किए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए लोगों से वोट की अपील की।

# डीएम व एसएसपी ने ली अधिकारियों व कर्मचारियों की ब्रीफिंग

संवाददाता



पौड़ी। विधान सभा चुनाव में शांति व्यवस्था, कानून व्यवस्था और चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी यशवन्त सिंह चौहान द्वारा आज कण्डोलिया मैदान पौड़ी में चुनाव ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस बल, पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी एवं वनकर्मियों को चुनाव में शांति व्यवस्था को लेकर ब्रीफिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस दौरान समस्त बल को सम्बोधित करते हुए उन्होने बताया कि हमारी प्राथमिकता स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना है, इसलिए पोलिंग बूथों पर ड्यूटी पर तैनात समस्त अधिकारी, कर्मचारी ड्यूटी के दौरान निष्पक्ष ड्यूटी करेगें।

मतदान केन्द्र तथा उसके समीप किसी भी राजनैतिक दल का चिह्न अथवा किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का प्रयोग न हो। मतदान स्थल के 100 मीटर की परिधि में केवल मतदाता व पूर्व में अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश करने दिया जाये। बूथों पर सुरक्षा हेतु नियुक्त किये गये समस्त बल सर्वप्रथम अपने ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर अपने पर्यवेक्षण अधिकारी का मोबाइल नंबर अवश्य अपने पास रखेगें। मतदान की समय सीमा प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे रहेगी। मतदान समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति को मतदान स्थल में प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा। जो व्यक्ति उक्त अवधि के अन्तर्गत मतदान स्थल के अन्दर आ चुके हों, वे ही नियमानुसार मतदान करेंगे। पोलिंग बूथ के अन्दर किसी को भी मोबाईल ले जाने कि अनुमति किसी भी दशा में न दी जाये। किसी भी कार्मिक द्वारा मतदान स्थल को जाने हेतु अपना निजी वाहन का उपयोग नहीं किया जाएगा।

सभी जोनल मजिस्ट्रेट अपने समकक्ष जोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी पोलिंग बूथों का निरीक्षण करेंगे। किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था संबंधी समस्याओं की संभावना के दृष्टिगत समय पर उच्चाधिकारियों को सूचित किए जाने हेतु कंट्रोल रूम के नम्बरों पर सम्पर्क करने हेतु बताया गया। किसी भी उम्मीदवार या उसके एजेन्ट द्वारा किसी प्रकार का लालच या अन्य कोई खाद्य सामग्री दी जाती है तो उसे कतई स्वीकार न करें। कोई भी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी पीठासीन अधिकारी के बुलाये बिना पोलिंग बूथ के अन्दर प्रवेश नहीं करेंगे।

ईवीएम की सुरक्षा करना सुरक्षा कर्मियों दायित्व है, लेकिन किसी भी स्थिति में ईवीएम को अपने कब्जे में न लेंगे। बूथों पर किसी भी प्रकार की भीड़ एकत्रित न होने दें, जो मतदाता अपना वोट डाल चुका है, उसे बूथ पर न रूकने देंगे। समस्त कार्मिक मौसम के अनुकूल अपने साथ कपडे,बिस्तर ले जायेंगे। ब्रीफिंग के दौरान जनपद पुलिस एवं अर्धसैनिक बल व अन्य राज्यों से आये पुलिस बल के अधिकारीव कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया गया फलगुन महीने की संग्रान्द




संवाददाता

देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार देहरादून के तत्ववाधान मे आज फलगुन की संग्रान्द एवं बाबा अजीत सिंह जी का जन्म दिवस को श्रद्धा पूर्वक कथा- कीर्तन के रूप मे मनाया गया।

प्रातः नितनेम के पश्चात भाई अमनदीप सिंह ने आसा दी वार का शब्द 'सच्चे साहिबा क्या नहीं घर तेरे' भाई सतवंत सिंह ने शब्द 'फलगुन अनन्द उपारजना हर सजन प्रगटे आये' का गायन कर संगत को निहाल किया और श्री अखंड पाठ के भोग डाले गये।

इस मौके पर हैड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह ने कहा कि फलगुन महीने मे लोग होली का त्यौहार मनाते हैं, गुरु साहिब जी समझाते है कि जिनके मन मे प्रभु निवास करता है उन पर हमेशा आनंद वन जाता है, प्रभु के साथ साधना संगत जोड़ती है एवं हमारे मन मे शांति आ जाती है।

उन्होंने बाबा अजीत सिंह जी के जीवन पर भी प्रकाश डाला। मंच का संचालन सेवा सिंह मठारु ने किया, कार्यक्रम के पश्चात संगत ने लंगर प्रसाद छका। इस अवसर पर प्रधान गुरबक्श सिंह राजन, महासचिव गुलजार सिंह, उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्नी, कोषाध्यक्ष मंजीत सिंह, सतनाम सिंह, अमरजीत सिंह, राजिंदर सिंह राजा आदि उपस्थित थे।

# यात्रियों के लिए करनी चाहिए वैकल्पिक व्यवस्था

संवाददाता

देहरादून। चुनाव डयूटी में वाहनों को अधिग्रहित करने से यात्रियों को परेशानी उठानी पडती है। प्रशासन को इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए जिससे यात्रियों की जेब का भार कम हो।

लोकसभा चुनाव हों या फिर विध ानसभा चुनाव हों। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करने के बाद जहां एक ओर शासन प्रशासन शांतिपूर्ण चुनाव कराने के उद्देश्य से तैयारियां शुरू कर देते हैं। चुनाव में किसी प्रकार की कोई गडबडी ना हो सके इसका पूरा ध्यान रखा जाता है। वहीं पोलिंग पार्टियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने की तैयारी के लिए राज्य भर से सरकारी व गैरसरकारी वाहनों को अधिग्रहित करना शुरू कर दिया जाता है। वर्तमान समय में शासन द्वारा पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में प्राइवेट वाहनों का अधिग्रहण किया जा चुका है इसके साथ ही रोडवेज की बसों को भी चुनाव की तैयारियों में लगाया गया है। इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड रहा है। कई जगहों में यात्रियों को घंटों वाहन का इंतजार करना पड रहा है तो वहीं कुछ को तो मंहगे किराये पर लेकर अपने गंतव्य तक पहुचना पड रहा है। इस बात का भी शासन प्रशासन को चुनाव की तैयारी के दौरान यात्रियों की सुविधा का भी ध्यान रखना चाहिए। शासन प्रशासन की अनदेखी यात्रियों की परेशानी का सबब बन जाती है और उनके जेब पर असर पडता है। आईएसबीटी हो या फिर रेलवे स्टेशन सभी जगह पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। रेलवे स्टेशन से पहाडी इलाकों में जाने के लिए यात्रियों को कोई वाहन नहीं मिल रहा है और उनको महंगा किराया देकर टैक्सी आदि से अपने गंतव्य तक जाने के लिए मजबूर होना पड रहा है। इन सभी दिक्कतों को शासन व प्रशासन को भी ध्यान देना होगा और यात्रियों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए।

## तेजस्वी प्रकाश अभिनती नागिन 6 को 130 करोड़ रुपये के बजट में बनाएंगी एकता कपूर ?

बिग बॉस 15 की ट्रॉफी जीतने के बाद तेजस्वी प्रकाश के सितारे बुलंदियों पर हैं। हर तरफ उनकी चर्चा हो रही है और उन्हें बधाइयां भी मिल रही हैं। बिग बॉस 15 के फिनाले में ही उनके फैंस को दोहरी खुली मिली, जब नागिन 6 में मुख्य भूमिका निभाने के लिए तेजस्वी के नाम की घोषणा हुई। अब ऐसी चर्चा है कि एकता कपूर इस सीरियल को 130 करोड़ रुपये के बजट में बनाएंगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, तेजस्वी अभिनती नागिन 6 को फिल्ममेकर एकता 130 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में बनाएंगी। एक सूत्र ने कहा, यह नागिन का सबसे महंगा सीजन है। अगर यह शो नहीं चला, तो एकता अगले साल से इस फ्रेंचाइजी को बंद कर सकती हैं। वह इसे 130 करोड़ रुपये के बजट में बना रही हैं। तेजस्वी और सिम्बा नागपाल पर बहुत दबाव है, क्योंकि शो का बजट काफी ज्यादा है। एक सूत्र ने बताया कि कुछ लोगों ने एकता से कहा कि वह इतनी रकम से फिल्म बना सकती थीं। खबरों की मानें तो इस प्रोजेक्ट में निवेश करके एकता अपना किस्मत आजमाना चाहती हैं। इस शो का बजट टेलीविजन इंडस्ट्री के किसी भी अन्य शो की तुलना में बहुत बड़ा है। अगर शो नहीं चलता है, तो इससे मेकर्स को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। मेकर्स तेजस्वी की लोकप्रियता को जरूर भुनाने की कोशिश करेंगे। नागिन 6 की शुरुआत बसंत पंचमी स्पेशल से होगी। साथ ही इस सीजन का थीम देश पर जैविक युद्ध छेड़ने वाले पड़ोसी देश के बारे में है। बिग बॉस 15 के फिनाले में ही मेकर्स ने इस शो का प्रोमो जारी किया था। प्रोमो में तेजस्वी का लुक काफी हॉट लगा था। इस शो का प्रसारण कलर्स टीवी पर 12 फरवरी से रात 8 बजे शुरू होगा। इसका प्रसारण शनिवार और रविवार रात 8 बजे होगा। तेजस्वी पहले भी कलर्स के कई शोज में नजर आ चुकी हैं। उन्हें संस्कार- धरोहर अपनों की और स्वरागिनी जैसे कलर्स के शोज में देखा गया है। टीवी की दुनिया में नागिन एक अलग प्रकार की कहानी लेकर आया है। यह शो इतना लोकप्रिय हुआ कि अब तक इसके पांच सीजन आ चुके हैं। घर, गृहस्थी, कॉमेडी और लव स्टोरी के बाद एकता एक अलग ही स्टोरी सामने लेकर आईं और दर्शकों को उनका यह प्रयोग अच्छा लगा। नागिन के पहले सीजन में मौनी रॉय ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेम, दुश्मनी और बदले की कहानी के साथ नागिन 5 ने भी दर्शकों को प्रभावित किया था। सफल निर्माता होने के साथ-साथ एकता एक ओटीटी प्लेटफार्म की मालिक हैं। एएलटी बालाजी पर उन्होंने हर तरह के दर्शकों के लिए कंटेंट बनाया है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी, कहानी घर घर की और कसौटी जिंदगी की जैसे सीरियल उन्होंने ही बनाए हैं।

## शाहरुख की एक और फिल्म सीधे ओटीटी पर, लेकिन जी5 पर नहीं, नेटफ्लिक्स पर

शाहरुख खान के बैनर रेड चिलीज के अन्तर्गत बनने वाली फिल्मों को सिनेमाघरों के स्थान पर लगातार ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किया जा रहा है। पिछले माह उनके बैनर की फिल्म बॉब बिस्वास को सीधे ओटीटी पर प्रदर्शित किया गया था। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अभी कुछ दिनों पहले ही उनके बैनर ने घोषणा की थी कि उनकी बॉबी देओल अभिनीत फिल्म लव हॉस्टल ओटीटी प्लेटफार्म जी-5 पर 25 फरवरी को प्रदर्शित होने जा रही है। अभी इस फिल्म की चर्चा थमी भी नहीं थी कि अब उनके बैनर की एक और फिल्म डार्लिंग्स को लेकर समाचार आ रहे हैं उनकी यह फिल्म भी सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म प्रदर्शित होगी। शाहरुख खान ने भी यह निर्णय थियेटर्स की स्थिति को देखते किया है। उनके प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज के बैनर तले डार्लिंग्स नाम की फिल्म बनी है। इसमें आलिया भट्ट और शेफाली शाह लीड रोल में नजर आएंगी। अब ये फिल्म भी ओटीटी पर रिलीज होगी। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म की रेस में जी5 और नेटफ्लिक्स हैं लेकिन ऐसा सामने आ रहा है कि नेटफ्लिक्स ने बाजी मार ली है। हालांकि ये फिल्म कब रिलीज होगी, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। जबकि फिल्म की शूटिंग पिछले साल सितंबर में ही पूरी हो गई थी। शाहरुख खान और आलिया भट्ट ने दूसरी बार किसी फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। हालांकि इस बार शाहरुख खान ऑन कैमरा नहीं है, वो प्रोडक्शन देख रहे हैं। जबकि दोनों साथ में फिल्म डियर जिंदगी में एक साथ नजर आ चुके हैं। शाहरुख खान की इससे पहले दो और फिल्में ओटीटी का सहारा ले चुकी हैं। डार्लिंग्स का कथानक मां और बेटी के रिश्ते पर आधारित है, जो इस दुनिया में काफी अलग परिस्थितियों में खुद को सर्वाइव करती हैं। ये मुंबई की एक मिडिल क्लास फैमिली की स्टोरी है। इसमें डार्क कॉमेडी भी होने वाली है। इसका अभी तक एक टीजर रिलीज हो चुका है जिसमें बताया गया है कि महिला को अगर नुकसान पहुंचाया तो वो किसी खतरे से खाली नहीं है। फिल्म में विजय वर्मा और रोशन मैथ्यू भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


## विटामिन- ए की कमी को दूर करने में सक्षम हैं फल



चकोतरा संतरे की तरह दिखने वाला फल है, जिसका अंदरूनी भाग गुलाबी रंग का होता है। यह फल विटामिन- सी और फोलेट के साथ-साथ विटामिन- ए का अच्छा स्त्रोत है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने से लेकर आंतों को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इसलिए चकोतरा को डाइट में शामिल करना फायदेमंद साबित हो सकता है।

गोजी बेरीज विटामिन- ए का बेहतरीन स्त्रोत है, इसलिए इसका सेवन फेफड़ों और आंतों में रोग पैदा करने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, गोजी बेरीज में ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड भी अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं, जो मस्तिष्क, हृदय और रक्त वाहिकाओं के लिए अच्छे होते हैं।

स्वाद में मीठा और रसीला पपीता एक बारहमासी फल है यानी आपको हर मौसम में यह आसानी से बाजार में मिल सकता है और इस फल में भरपूर मात्रा में विटामिन- ए पाया जाता है। बता दें कि 100 ग्राम पपीता में करीब 1000 ढ्ढ विटामिन- ए पाया जाता है। ऐसे में विटामिन- ए की पूर्ति के लिए इस स्वास्थ्यवर्धक फल को एक अच्छे विकल्प के तौर पर डाइट में शामिल किया जा सकता है।

शरीर से विटामिन- ए की कमी को दूर करने में आड़ू का सेवन भी मदद कर सकता है क्योंकि यह भी विटामिन- ए से समृद्ध होता है। इसके अतिरिक्त, आड़ू में फाइबर के साथ कई तरह के एंटी-ऑक्सीडेंट भी मौजूद होते हैं, जो शरीर में गैस्ट्रिक एंजाइम के उत्पादन को सुविधाजनक बनाकर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने का काम करते हैं। इसके साथ ही आड़ू में शामिल एंटी-माइक्रोबियल गुण पाचन संबंधित समस्याओं से भी निजात दिलाने में सहायक साबित हो सकते हैं। (आरएनएस)

## कई छोटे-बड़े कामों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है लूज पाउडर

लूज पाउडर एक मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल अमूमन लिक्विड फाउंडेशन या फिर कंसीलर को सेट करने के लिए किया जाता है ताकि लंबे समय तक मेकअप ठीक रहे, लेकिन यह महज यहीं तक सीमित नहीं है। दरअसल, आप घर के छोटे-बड़े कामों के लिए और अन्य चीजों के विकल्प के रूप में लूज पाउडर का इस्तेमाल करके अपने कई कामों को बेहद आसान बना सकते हैं। आइए लूज पाउडर से जुड़े कुछ अद्भुत हैक्स के बारे में जानते हैं।

बतौर ड्राई शैंपू करें इस्तेमाल

अगर कभी आपके बाल बहुत ग्रेसी और फ्लैट दिखाई दें तो आप लूज पाउडर का इस्तेमाल ड्राई शैंपू के तौर पर कर सकते हैं। इसके लिए एक मेकअप ब्रश से अपने बालों की जड़ों में लूज पाउडर लगाएं और इसे 30 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में किसी भी ब्रश से अतिरिक्त लूज पाउडर को सिर से झाड़ लें। ऐसा करने से आपको ग्रेसी बालों से छुटकारा मिल सकता है।

आईब्रो पर करें इस्तेमाल

जिस तरह से लूज पाउडर का इस्तेमाल करके फ्लैट और ग्रेसी बालों को थोड़ा बाउंसी लुक दिया जा सकता है, ठीक उसी तरह यह आईब्रो पर भी प्रभाव डाल सकता है। अगर आप अपनी आईब्रो को थोड़ा फुलर लुक देना चाहते हैं तो इसके लिए आप लूज पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए अपनी एक उंगली पर थोड़ा सा लूज पाउडर लेकर आईब्रो पर लगाएं। ध्यान रखें कि यह आपकी आंखों में न जाएं।

आईलाइनर को लंबे समय तक खराब होने से बचाएं

अगर आपका आईलाइनर अक्सर खराब हो जाता है तो यकीनन लूज पाउडर आपके बेहद काम आने वाला है। आपको बस इतना करना होगा कि आईलाइनर से पहले अपनी आईलिड पर लूज पाउडर पर थोड़ी सी मात्रा लगाएं। इसके बाद अपने मनपसंद रंग का आईलाइनर लगाएं। यह तरीका न सिर्फ आपके आईलाइनर को हल्का स्मोकी लुक देगा, बल्कि आईलाइनर को लंबे समय तक खराब होने से भी बचाएगा। इसलिए इस तरीके को जरूर आजमाकर देखें।

बदबूदार जूतों से पाएं निजात

अगर आपका लूज पाउडर एक्सपायर हो चुका है तो आप उसका इस्तेमाल बदबूदार जूतों से निजात पाने के लिए कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस रातभर के लिए एक्सपायर लूज पाउडर को जूतों के अंदर छिड़क कर रखना है और सुबह उन्हें साफ कर देना है। यकीन मानिए इससे आपके जूतों की बदबू गायब हो जाएगी। अगर आपके जूते भी बदबूदार हो गए हैं तो इस हैक को एक बार जरूर ट्राई करें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -120

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 119 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# एकता के शो नागिन 6 से छोटे पर्दे पर वापसी करने वाली हैं उर्वशी ढोलकिया?

एकता कपूर का सुपरनैचुरल शो नागिन 6 काफी समय से चर्चा में है। आए दिन इससे नई-नई अभिनेत्रियों के नाम जुड़ रहे हैं। नए सीजन को लेकर भी दर्शक बेकरार हैं। अब यह चर्चा जोरों पर है कि इस शो में छोटे पर्दे की चर्चित खलनायिका उर्फ कोमोलिका उर्वशी ढोलकिया भी नजर आने वाली हैं। वह टीवी पर अपनी वापसी के लिए तैयार हैं। उर्वशी इस शो से जुड़कर बेहद उत्साहित हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, उर्वशी ढोलकिया नागिन 6 से टीवी पर अपना कमबैक करने के लिए तैयार हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि इसमें वह एक नए अवतार और मजेदार किरदार को निभाती नजर आएंगी। फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है कि उर्वशी नागिन 6 में नागिन बनेंगी या कोई जीव। उनके किरदार पर सस्पेंस बना हुआ है। अगर उर्वशी नागिन 6 में नजर आईं तो दर्शकों के लिए यह बेहद रोमांचक होगा।

आखिरी बार उर्वशी को धारावाहिक चंद्रकांता में देखा गया था। इसमें उन्होंने राजकुमारी इरवाती सिंह की भूमिका निभाई थी। धारावाहिक का फाइनल एपिसोड 16 जून, 2018 को आया था। खास बात यह है कि इस शो की निर्माता भी एकता ही थीं और अब चार साल बाद उर्वशी एकता के ही शो से दर्शकों के बीच एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। चंद्रकांता के लीड कलाकारों में मधुरिमा तुली और विशाल आदित्य सिंह भी शामिल थे।

उर्वशी इससे पहले नच बलिए और बिग बॉस 6 में नजर आई थीं। वह बिग बॉस 6 की विनर रह चुकी हैं। उर्वशी की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनका निभाया गया कोमोलिका का किरदार आज भी दर्शकों के बीच अपनी छाप छोड़े हुए हैं।

बात करें नागिन 6 की तो उर्वशी से पहले कई नाम सामने आए हैं। माहिरा शर्मा, रुबीना दिलैक, महक चहल, रिद्धिमा पंडित जैसी कई टीवी अभिनेत्रियों का नाम इस शो से जुड़ चुका है। पिछले दिनों चर्चा थी कि शो में अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश को लाने की तैयारी चल रही है। हालांकि, अभी तक खुद निर्माताओं ने किसी के भी नाम पर अपनी मुहर नहीं लगाई है। दर्शक यह जानने को बेताब हैं कि इस सीजन की नागिन कौन होगी?

टीवी की दुनिया में नागिन एक अलग ही कहानी लेकर आया है। यह शो इतना लोकप्रिय हुआ कि इसके पांच सीजन आ चुके हैं। घर, गृहस्थी, कॉमेडी और लव स्टोरी के बाद एकता एक अलग ही कहानी सामने लेकर आईं और दर्शकों को उनका यह प्रयोग काफी अच्छा लगा। नागिन के पहले सीजन में मौनी रॉय ने अहम भूमिका निभाई थी। प्रेम, दुश्मनी और बदले की कहानी के साथ नागिन 5 ने भी दर्शकों को खूब लुभाया। (आरएनएस)

# जल्द शादी करेंगे करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश

बिग बॉस 15 में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश के रोमांस ने खूब सुर्खियां बटोरीं। हालांकि, दोनों के बीच नोक-झोंक भी काफी चर्चा में रही। काफी लोगों ने उनके रिश्ते को पब्लिसिटी स्टंट बताया। कहा जा रहा था कि शो की टीआरपी बढ़ाने के लिए करण-तेजस्वी का रोमांस भुनाया जा रहा है। हालांकि, दोनों असल में एक-दूसरे के लिए काफी सीरियस हैं। हाल ही में करण के पिता ने उनके रिश्ते पर बात की।

सोशल मीडिया पर करण के पिता का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह मीडिया के साथ बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। मीडियावाले करण के पिता से पूछते हैं, तेजस्वी और करण के रिश्ते को तो मंजूरी आने दे दी है, लेकिन अब आपने शादी के बारे में क्या सोचा है? इस पर अभिनेता के पिता कहते हैं, सब ठीक रहा तो जल्दी कर देंगे शादी। उनका यह बयान सुन कपल के फैंस खुश हो गए हैं।

बिग बॉस 15 के घर में फैमिली वीक के दौरान करण ने अपने माता-पिता से तेजस्वी के बारे में पूछा तो उनके पिता ने कहा कि तेजस्वी अब परिवार के दिल में हैं। शो में सलमान खान ने करण की बात तेजस्वी के माता-पिता से भी करवाई थी। सलमान ने तेजस्वी के माता-पिता से पूछा था कि सब ठीक है तो रिश्ता पक्का समझे या नहीं? इस पर तेजस्वी की मां ने हां में जवाब दिया था।

करण वीजे अनुषा दांडेकर के साथ अपने अफेयर को लेकर भी खूब सुर्खियों में रहे हैं। दोनों खुलकर अपने प्यार का इजहार करते थे। करीब तीन साल तक साथ रहने के बाद करण और अनुषा अलग हो गए थे। ब्रेकअप के बाद अनुषा ने खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने इस रिश्ते के टूटने के पीछे की वजह करण का व्यवहार बताया था। अनुषा ने करण पर झूठ बोलने और धोखा देने का इल्जाम लगाया था।

बिग बॉस 15 की विनर तेजस्वी प्रकाश बनी हैं। हालांकि, उनके शो जीतने से कुछ लोग खुश हैं तो कुछ ने इस पर नाराजगी जताई है। तेजस्वी के बॉयफ्रेंड करण शो के सेकेंड रनर-अप घोषित किए गए। फिनाले के बाद जब करण से पूछा गया कि तेजस्वी की जीत पर वह क्या कहना चाहेंगे तो उन्होंने कहा कि वह बहुत खुश हैं कि तेजस्वी ने खिताब जीता। उन्होंने यह भी कहा कि अवॉर्ड घर ही आया है।

तेजस्वी नागिन 6 में नजर आएंगी। इससे अपनी पहली झलक उन्होंने बिग बॉस 15 के ग्रैंड फिनाले में अपनी परफॉर्मेंस में दिखाई थी। करण के नए शो की घोषणा अभी नहीं हुई है। उन्होंने धारावाहिक कितनी मोहब्बत है से अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था।

# मिस्टर मम्मी के साथ पर्दे पर साथ नजर आएंगे रितेश, जेनेलिया



रितेश देशमुख अपनी बेहतरीन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने अपने काम से सभी का दिल जीता है और वह अपने अलग-अलग किरदारों के लिए पहचाने जाते हैं। आज के समय में रितेश का काम ही उनकी पहचान है। कॉमेडी की दुनिया में तो उन्हें खूब वाहवाही मिलती है और उनकी कॉमेडी को लोग बहुत प्यार देते हैं। वैसे रितेश को हमेशा हम कुछ नया और अलग करते देखते हैं। अब हाल ही में रितेश की नयी फिल्म का ऐलान हुआ है। जी दरअसल बीते कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर जेनेलिया के साथ फैंस को हिंट दे रहे थे कि कोई गुड न्यूज आने वाली है। हालाँकि लोगों को यह बिलकुल उम्मीद नहीं थी कि गुड एक फिल्म के रूप में आएगी।

बता दें कि रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूज़ा की अगली फिल्म 'मिस्टर मम्मी' का ऐलान उसका पोस्टर रिलीज करके किया गया है। आप सभी देख सकते हैं इस फिल्म में रितेश ने फिर से एक बार दर्शकों को चौकाया है। जी दरअसल वह इस बार प्रेग्नेंट पिता की भूमिका में नजर आए हैं। आप देख सकते हैं फिल्म के पोस्टर में दोनों प्रेग्नेंट नजर आ रहे हैं। ये पहली बार ही होगा जब इतनी बड़ी फिल्म इस विषय पर बन रही है। हमेशा ऐसा कहा जाता है कि बच्चे को जन्म देना सबसे कठिन अनुभवों में से एक है। अब आप सोचिए क्या होगा जब एक आदमी प्रेग्नेंट हो जाए तो?

इस फिल्म में रितेश और जेनेलिया देशमुख की जोड़ी के साथ रोलर कोस्टर राइड को देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। दोनों फ़िल्म मिस्टर मम्मी में नज़र आनेवाले है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे जोड़े के इर्द गिर्द घूमती है जिनकी विचारधार जब बच्चे की बात आती है तो एक दूसरे से बिलकुल अलग हो जाती है। हालाँकि नियति ने इन चाइल्डहुड स्वीटहार्ट के लिए कॉमेडी, ड्रामा, खुलासे और अहसासों की ऊबड़-खाबड़ सवारी के साथ कुछ और ही योजना बनाई है! शाद अली द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, शाद अली और शिव अनंत करेंगे। (आरएनएस)

# आदिपुरुष का बजट 450 करोड़ के पार, 20,000 स्क्रीन्स पर होगी प्रदर्शित

तान्हाजी फेम निर्देशक ओम राऊत निर्देशित आदिपुरुष अपने अनुमानित बजट से 100 करोड़ ऊपर निकल गई है। सिने उद्योग के गलियारों में बहती हवाओं का कहना है कि इस फिल्म के निर्माता 450 करोड़ की लागत को एक ही सप्ताह में निकालने के लिए फिल्म को देश-विदेश की 20,000 स्क्रीन्स पर एक ही समय में प्रदर्शित करने की योजना बना रहे हैं।

अपनी फिल्म की लागत निकालने के साथ-साथ उनकी निगाहें बाहुबली-द कन्क्लूजन के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड को ध्वस्त करने पर है। गौरतलब है कि बाहुबली सीरीज के दूसरे भाग ने वैश्विक स्तर पर 2000 करोड़ से ज्यादा की कमाई करने में सफलता प्राप्त की थी। बताया जा रहा है कि आदिपुरुष के निर्माता इस रिकॉर्ड ध्वस्त करना चाहते हैं। बाहुबली के बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड को किसी भी अभिनेता की किसी फिल्म ने ध्वस्त करने में सफलता प्राप्त नहीं की है।

फिल्म आदिपुरुष में प्रभास के साथ अदाकारा कृति सेनॉन दिखाई देंगी। फिल्म आदिपुरुष की शूटिंग पूरी हो चुकी है, जिसके पोस्ट प्रोडक्शन पर इन दिनों काम चल रहा है। फिल्म जल्द ही बनकर तैयार हो जाएगी, जिसकी रिलीज के लिए मेकर्स ने अभी से प्लानिंग शुरू कर दी है। खबरें हैं कि प्रभास की आदिपुरुष को मेकर्स एक साथ 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज करने की सोच रहे हैं। लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, प्रभास और कृति सेनॉन स्टारर फिल्म आदिपुरुष भारतीय सिनेमा की सबसे महंगी मूवी है, जिसका बजट 450 करोड़ रुपये के पार निकल चुका है। इस फिल्म की रिकवरी के लिए मेकर्स ने खास प्लान बनाया है। मेकर्स आदिपुरुष को एक साथ 20 हजार स्क्रीन्स में रिलीज करेंगे, जो किसी भी भारतीय फिल्म को मिली सबसे बड़ी वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। फिल्म के मेकर्स ने आदिपुरुष को भारतीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी और चाइनीज लैंगुएज में भी रिलीज करने का प्लान बनाया है। इससे फिल्म आदिपुरुष को दुनियाभर के दर्शक एक साथ देख पाएंगे।फिल्म आदिपुरुष को लेकर मेकर्स जैसी प्लानिंग कर रहे हैं, उससे लग रहा है कि उनकी निगाहें बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड पर हैं, जिन्हें वो तोडऩा चाहते हैं। फिल्म बाहुबली- द कन्क्लूजन ने सिनेमाघरों में जमकर कमाई की थी। इसके बाद को भी भारतीय फिल्म इसकी कमाई को पार नहीं कर पायी है। आदिपुरुष के मेकर्स बाहुबली 2 के सारे रिकॉर्ड तोडऩे की प्लानिंग कर रहे हैं। अगर आदिपुरुष एक साथ 20 हजार स्क्रीन्स पर रिलीज होती है तो बाहुबली 2 के सारे रिकॉर्ड एक हफ्ते में ही टूट जाएंगे।

# 21 फरवरी को होगी फरहान-शिबानी की शादी, जावेद अख्तर ने की पुष्टि

पिछले काफी समय से फरहान अख्तर और शिबानी दांडेकर की शादी की खबरों से गपशप गली गुलजार है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इस पर कुछ नहीं कहा है। अब फरहान के पिता और जाने-माने लेखक जावेद अख्तर ने इस खबर की पुष्टि कर दी है। उन्होंने हाल ही में पहली बार फरहान और शिबानी की शादी को लेकर बातचीत की और साथ ही कुछ खुलासे भी किए।

खबरें थीं कि फरहान-शिबानी 21 फरवरी को शादी करने वाले हैं। जावेद ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, हां शादी हो रही है। कोरोना की स्थिति देखते हुए हम शादी बड़े स्तर पर नहीं कर सकते। यह एक साधारण समारोह होगा। खैर, अभी तो इंविटेशन भी नहीं भेजे गए हैं। उन्होंने कहा, शिबानी बहुत प्यारी बच्ची है। हमारा परिवार उन्हें बहुत पसंद करता है। अच्छी बात यह है कि फरहान और शिबानी की बहुत जमती है।

एक सूत्र ने बताया कि फरवरी में शादी करने के बाद फरहान और शिबानी अप्रैल में एक बड़ी पार्टी रखेंगे, जहां दोनों इंडस्ट्री के दोस्तों को बुलाएंगे। फरहान और शिबानी मुंबई में भव्य शादी करने की प्लानिंग कर रहे थे, लेकिन कोरोना के बढ़ते खतरे और कई बॉलीवुड सितारों को कोरोना की चपेट में आता देखकर दोनों ने करीबी रिश्तेदारों और परिवार की मौजूदगी के बीच शादी करने का फैसला किया है।

शिबानी से यह फरहान की यह दूसरी शादी होगी। उन्होंने सेलेब्रिटी हेयर स्टालिस्ट अधुना भबानी को तीन साल तक डेट करने के बाद 2000 में उनसे शादी की थी। शादी के 16 साल बाद 2017 में उनका तलाक हुआ। फरहान और अधुना की दो बेटियां हैं शाक्या और अकीरा। अब जहां फरहान, शिबानी के साथ हैं, वहीं अधुना, डीनो मोरिया के भाई निकोलो मोरियो के साथ रिलेशनशिप में हैं। अधुना अपनी दोनों बेटियों को भी निकोलो से मिलवा चुकी हैं।

शिबानी और फरहान सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के प्रति प्यार जाहिर करने से कतराते नहीं हैं। दोनों अक्सर इंस्टाग्राम पर मस्ती भरी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते रहते हैं। फरहान-शिबानी की पहली मुलाकात एक रियलिटी टीवी शो में हुई थी। इस शो को फरहान ने होस्ट किया था, वहीं शिबानी इस शो का हिस्सा बनी थीं। इस शो के बाद से ही दोनों सुर्खियों का हिस्सा बन गए थे और दोनों के रिलेशनशिप की खबरें सामने आने लगी थीं।

एक्ट्रेस, मॉडल और होस्ट शिबानी ने कई फिल्मों में आइटम नंबर किए हैं। वह फिल्म रॉय में जोया की भूमिका में नजर आई थीं। वह सुल्तान, शानदार, नूर, नाम शबाना और भावेश जोशी सुपर हीरो जैसी फिल्मों में छोटी-मोटी भूमिकाओं में दिख चुकी हैं।

# लोकतंत्र के शुद्धीकरण का पर्व भी है चुनाव

राजकुमार सिंह

चुनाव प्रक्रिया को लोकतंत्र की प्राणवायु माना जाता है। यदि प्राणवायु दूषित हो तो लोकतंत्र का स्वास्थ्य कैसा होगा? वायु प्रदूषण के लिए हमारा देश दुनिया में बदनाम है। खासकर हर वर्षांत चर्चा में आनेवाली विश्व के प्रदूषित शहरों की सूची से भी यह प्रमाणित होता रहता है। अपनी नाकामी का ठीकरा दूसरों के सिर फोड़ने में माहिर हमारा सत्तातंत्र इस वायु प्रदूषण के लिए दीपावली पर पटाखे चलाने वालों से लेकर खेतों में पराली जलानेवालों तक को जिम्मेदार ठहरा कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेता है। जबकि शर्मनाक सच यह है कि इन दिनों में चौतरफा हाय-तौबा वायु गुणवत्ता का स्तर बेहद खतरनाक स्तर पर पहुंच जाने पर मचती है, वरना तो पूरे साल ही हमारे बड़े शहरों के निवासी जानलेवा बीमारियों की जनक जहरीली हवा में सांस लेने को अभिशप्त हैं। प्रदूषित वायु हर साल कितनी अकाल मौतों का कारण बनती है, और उससे होने वाली बीमारियों के इलाज पर हर साल कितनी रकम खर्च होती है-ये आंकड़े भी जब-तब आते रहते हैं। निश्चय ही प्रदूषण बढ़ाने वाले तथा उसे नियंत्रित करने में नाकाम तंत्र जन जीवन से खिलवाड़ के अक्षम्य अपराधी हैं, लेकिन यहां हमारी चर्चा का विषय लोकतंत्र की प्राण वायु का खतरनाक स्तर तक प्रदूषित हो जाना है।

गुणवत्ता की बहस जिस तरह वायु के संदर्भ में हमारे देश में अप्रासंगिक हो गयी है, उससे भी बुरा हाल लोकतंत्र की प्राणवायु यानी चुनाव प्रक्रिया का है। जाहिर है, चुनाव प्रक्रिया जितनी स्वच्छ होगी, प्राण वायु उतनी ही बेहतर होगी, जो अंततः लोकतंत्र के स्वास्थ्य का आधार बनती है। निश्चय ही चुनाव प्रक्रिया की स्वच्छता कई कारकों पर निर्भर करती है, लेकिन सबसे अहम है चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार। जैसे उम्मीदवार होंगे, वैसा ही प्रचार होगा, जिससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकती। यही उम्मीदवार निर्वाचित जन प्रतिनिधि के रूप में संसद या विधानसभाओं में पहुंच कर कानून निर्माता बनते हैं। जाहिर है, जैसे हमारे निर्वाचित प्रतिनिधि होंगे, वैसी ही उनकी प्राथमिकताएं होंगी और अंततः वे वैसी सत्ता व्यवस्था भी बनायेंगे। भारतीय राजनीति में धनबल और बाहुबल के बढ़ते प्रभाव पर अरसे से हर स्तर पर चिंता जतायी जाती रही है, लेकिन समस्या के निराकरण की दिशा में ईमानदार ठोस प्रयास न किये जाने का ही परिणाम है कि दवा के दावों के बावजूद मर्ज बढ़ कर नासूर बनता दिख रहा है।

बेशक धनबलियों और बाहुबलियों के प्रभाव का लाभ उठा कर अपनी राजनीति चमकाने की प्रवृत्ति हमारे राजनीतिक दलों-नेताओं में नयी नहीं है। सत्तर के दशक में भी खासकर पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में कुछेक धनबलियों-बाहुबलियों की राजनीतिक उपस्थिति रही, लेकिन परंपरागत राजनेताओं के लिए अपने धनबल और बाहुबल का इस्तेमाल करते हुए ऐसे लोगों में खुद सत्ता-सुख भोगने की ऐसी लालसा जगी कि आज राजनीति ही ऐसे लोगों के चंगुल में फंसी नजर आ रही है। विडंबना देखिए कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में आज किसी भी दल-नेता को ऐसे बाहुबलियों को चुनावी राजनीतिक लाभ के लिए गले लगाने में शर्म नहीं आती, जिन पर हत्या-बलात्कार सरीखे जघन्य अपराध दर्ज हैं। यह बहस का मुद्दा हो सकता है कि किस राजनीतिक दल-नेता ने आपराधिक छवि वालों को राजनीति में बढ़ावा देने की पहल की या किसकी इसमें ज्यादा हिस्सेदारी रही है, लेकिन आज तो सभी में इस मामले में एक-दूसरे से आगे निकल जाने की होड़-सी लगी है। अब जबकि पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया जारी है, एक-दूसरे पर राजनीति के अपराधीकरण का आरोप लगाते हुए भी कोई दल-नेता इस मामले में पीछे रह कर मिसाल नहीं बनना चाहता। विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में देश का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश भी शामिल है, जिसे अक्सर देश की राजनीति को दिशा देने का श्रेय भी दिया जाता है। उसी उत्तर प्रदेश में पहले चरण में मतदान वाली 58 सीटों पर ही एक-चौथाई उम्मीदवारों के दामन पर गहरे आपराधिक दाग हैं तो ऐसी प्रदूषित प्राण वायु से कैसा और कितना स्वस्थ लोकतंत्र बनेगा-यह जानने के लिए किसी गहन शोध की जरूरत तो नहीं होनी चाहिए।

चुनाव सुधार के मामले में चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों तक की कथनी-करनी में फर्क इतना ज्यादा है कि अब उनसे किसी तरह की उम्मीद रखना भी बेमानी लगता है। सच तो यह है कि देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा भी इस दिशा में की गयी पहल के गहरे संकेतों की गंभीरता भी राजनीतिक दल और चुनाव आयोग नहीं समझना चाहते। स्वयंसेवी संस्थाओं से लेकर न्यायपालिका तक के द्वारा बार-बार चुनाव प्रक्रिया समेत पूरे लोकतंत्र के शुद्धीकरण का आग्रह किये जाने के बावजूद हमारे राजनीतिक दलों और उनके नेतृत्व का आचरण यह है कि 10 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन 58 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है, वहीं लगभग 25 प्रतिशत उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनके विरुद्ध गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह भी कि प्रमुख राजनीतिक दलों में से किसी ने भी ऐसे दबंगों पर चुनावी दांव लगाने से परहेज नहीं किया यानि राजनीति के अपराधीकरण के आईने में सभी बेनकाब हैं। ध्यान रहे कि चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे इन दबंगों ने, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के चलते, अपने इन कारनामों का खुलासा खुद नामांकन पत्र के साथ दाखिल हलफनामे में किया है। हां, आपराधिक दामन वालों पर दांव लगाने में विभिन्न राजनीतिक दलों में हिस्सेदारी का अंतर हो सकता है। मसलन चुनाव सुधार के लिए सक्रिय गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने जिन 615 उम्मीदवारों के हलफनामों का विश्लेषण किया है, उनमें सबसे ज्यादा दागी 75 प्रतिशत समाजवादी पार्टी के हैं, जबकि उसके सहयोगी रालोद के ऐसे उम्मीदवारों का प्रतिशत 59 है। देश में नयी तरह की राजनीतिक संस्कृति विकसित करने का दावा करने वाली भाजपा ने भी 51 प्रतिशत दागियों पर दांव लगाया है तो ऐतिहासिक पराभव के दौर से गुजर रही कांग्रेस के दागी उम्मीदवारों का प्रतिशत 36 है। मायावती की बसपा के उम्मीदवारों में दागियों का प्रतिशत 34 है तो आम आदमी की राजनीति करने का दम भरने वाले अरविंद केजरीवाल की आप ने भी 15 प्रतिशत अपराधियों पर दांव लगाया है। बेशक इन्हें अभी तक न्यायालय द्वारा अंतिम रूप से दोषी नहीं ठहराया गया है, लेकिन अगर हत्या, हत्या का प्रयास, बलात्कार और धन शोधन-फर्जीवाड़े सरीखे गंभीर मामले लंबित हों, जिनमें सात वर्ष से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती हो, तो लोकतंत्र की शुचिता के प्रति उसके स्वयंभू ठेकेदारों की प्रतिबद्धता पर गंभीर सवाल तो उठेंगे ही। ध्यान रहे कि यह तो सिर्फ एक राज्य के प्रथम चरण में मतदान वाले उम्मीदवारों के कारनामों के आंकड़े हैं। अतीत का कटु अनुभव बताता है कि मतदान के अन्य चरणों तथा राज्यों में भी हमारे राजनीतिक दल दबंगों पर चुनावी दांव लगाने में पीछे नहीं रहेंगे। दरअसल समय-समय पर मुखर चिंताओं के बीच भी राजनीति के अपराधीकरण का यह सिलसिला कम होने के बजाय बढ़ ही रहा है। पिछले साल ही सर्वोच्च अदालत में यह आंकड़ा पेश किया गया था कि चुनाव लड़ने से आगे बढ़ कर अब विधानसभा और संसद में भी ऐसे लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जिनके विरुद्ध गंभीर अपराध दर्ज हैं। 22 राज्यों के आंकड़े पेश करते हुए सर्वोच्च अदालत को बताया गया था कि दागी दामन वाले सांसद-विधायकों की संख्या 2556 तक पहुंच गयी है। अगर इनमें पूर्व माननीयों को भी शामिल कर लिया जाये तो आंकड़ा 4442 पर पहुंच जाता है। कानून तोड़ने के जिन आरोपियों को कठघरे में खड़ा होकर पहले खुद के पाक-साफ होने का प्रमाण हासिल करना चाहिए, अगर वे ही संसद-विधानसभाओं में पहुंच कर कानून बनाने लगेंगे तो कैसा लोकतंत्र बनेगा और कैसी सत्ता व्यवस्था-हर मतदान के वक्त चुनावी मुद्दों के साथ ही इस पर भी विचार जरूरी है। अगर खुद मतदाताओं ने लोकतंत्र के शुद्धीकरण का संकल्प नहीं लिया तो मर्ज को नासूर बनने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

## सू- दोकू क्र.120

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 119 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# गलवान की सच्चाई

साम्राज्यवादी चीन अपनी नाक बचाने के लिये किस सीमा तक जा सकता है, इसका खुलासा उस अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट से हुआ, जिसमें कहा गया है कि गलवान में भारतीय वीर जवानों से हुए संघर्ष में उसके नौ गुना अधिक सैनिक मारे गये थे। महाशक्ति होने का दम भरने वाला चीन इस हद तक चला गया कि अपने जवानों की मौत को नकारने लगा है। बहरहाल, हताहतों की संख्या का खुलासा होने की खबरों ने चीन की फजीहत तो करा ही दी है। दरअसल, आस्ट्रेलिया के सोशल मीडिया शोधकर्ताओं के एक समूह ने एक साल की लंबी जांच के बाद निष्कर्ष निकाला कि जून, 2020 में भारत के साथ गलवान घाटी सीमा पर हुए आमने-सामने के संघर्ष में चीनी सैनिकों की हताहतों की संख्या आधिकारिक आंकड़ों की तुलना में बहुत अधिक थी जिस पर बीजिंग ने पर्दा डालने की नाकाम कोशिश की। घटना के बाद रूसी सूत्रों ने 45 चीनी सैनिकों के मारे जाने की बात कही थी, जिसके आठ महीने बाद चीनी सरकार ने हताहतों की संख्या चार बतायी थी। एक आस्ट्रेलियाई अखबार ने दावा किया है कि इस संघर्ष में कम से कम 38 सैनिक रक्त जमाती नदी में अंधेरे के आगोश में समा गये थे। इसके विपरीत भारत ने अपने वीर सैनिकों के बलिदान का सम्मान करते हुए उजागर किया था कि इस घातक आमने-सामने की लड़ाई में उसके बीस सैनिक शहीद हुए। रिपोर्ट बताती है कि चीन के अधिकारियों ने सोशल मीडिया में नागरिकों की जानकारी व मीडिया रिपोर्टों पर पर्दा डाल दिया था ताकि दुनिया को गलवान घाटी का सच पता न चल सके। दुनिया के सामने जो तथ्य रखे गये वह चीनी सत्ताधीशों की मनगढ़ंत कहानियां मात्र थीं। लेकिन हालिया रिपोर्टों ने तथ्यों को छिपाने की चीनी सरकार की नाकाम कोशिश को दुनिया के सामने उजागर कर दिया। दुनिया ने जाना कि साम्यवादी चीन में सच्चाई को कैसे लौह आवरण के जरिये जनता के सामने आने से रोका जाता है।

वहीं दूसरी ओर गलवान को लेकर चीनी मंसूबे वहां आयोजित हो रहे शीतकालीन ओलंपिक में उजागर हो गये हैं। उसने इन खेलों का राजनीतिकरण करते हुए जो कदम उठाया है, उसकी भारत में तीखी प्रतिक्रिया हुई है। दरअसल, चीन ने शीतकालीन ओलंपिक की मशाल का वाहक सेना के एक रेजिमेंटल कमांडर को बनाया है। यह सैन्य अधिकारी गलवान संघर्ष में शामिल था और टकराव में घायल हुआ था। भारत ने खेलों को राजनीति से जोड़ने के प्रयासों की कड़ी निंदा की है। भारत ने निर्णय किया है कि भारतीय अधिकारी शीतकालीन ओलंपिक समारोह के उद्घाटन और समापन समारोह में भाग नहीं लेंगे। भारत के विदेश मंत्रालय ने चीन के उस उकसाने वाले कदम की भी निंदा की है, जिसमें अरुणाचल प्रदेश के एक भारतीय किशोर के अपहरण के बाद उसे यातनाएं दी गई। इतना ही नहीं, अमेरिकी सीनेट की विदेश संबंध समिति के एक सीनेटर ने भी शीतकालीन ओलंपिक के राजनीतीकरण के चीनी प्रयासों की तीखी आलोचना की है। साथ ही कहा कि ओलंपिक मशाल ले जाने वाला अधिकारी उस सैन्य कमान का हिस्सा था, जिसने भारत पर हमला किया था। साथ ही चीन के अल्पसंख्यक मुस्लिमों के दमन में भी शामिल था। बहरहाल, ताजा खुलासे से स्पष्ट हो गया है कि गलवान संघर्ष चीन के शक्ति प्रदर्शन और विस्तारवादी नीतियों का सुनियोजित एजेंडा था। इसके बावजूद कोई देश अपने शहीदों के बलिदान को नकारने जैसा कृत्य करे तो यह उसकी निरंकुशता का ही परिचायक है। इन्हीं हालात में भारतीय सीमा पर पैदा की जा रही चुनौतियों को देखते हुए आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे को कहना पड़ा कि हम भविष्य में होने वाली जंग का ट्रेलर देख रहे हैं। एक ऑनलाइन सेमिनार में भाग लेते हुए उन्होंने देश का ध्यान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये चीन व पाकिस्तान से पैदा होने वाली चुनौतियों की ओर खींचा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत भविष्य में होने वाले संघर्ष की झलकियां देखते हुए अपने रणनीतिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की लगातार कोशिश कर रहा है। साथ ही उत्तरी सीमाओं पर आधुनिक तकनीक से लैस सक्षम बलों को तैनात करने की जरूरत बतायी।(आरएनएस)

## कांग्रेस प्रत्याशी ने किया डोईवाला क्षेत्र में जनसम्पर्क



संवाददाता

देहरादून। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज डोईवाला विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी गौरव सिंह (गिन्नी) द्वारा जनसम्पर्क किया गया। इस दौरान डोईवाला शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा उन्हे समर्थन की घोषणा की गयी।

कांग्रेस प्रत्याशी गौरव सिंह द्वारा आज डोईवाला सीट के सभी क्षेत्रों पर अपना पूरा दम खम दिखाते हुए जनसम्पर्क अभियान चलाया गया और जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील की गयी। इस दौरान चीनी मिल मजदूर संघ के अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में सभी शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी गौरव सिंह को अपना समर्थन देने की घोषणा की गयी है। जनसम्पर्क के दौरान मनोज नौटियाल, राजीव खत्री, भारत भूषण कौशल, सोनी कुरैशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विक्रम की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। विक्रम की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुमानीवाला निवासी चन्द्रमोहन पंत अपनी स्कूटी से आईडीपीएल की तरफ जा रहे थे जब वह आईडीपीएल चौराहे पर पहुंचे तभी सामने से आ रहे विक्रम ने उनको अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनको एम्स में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने चन्द्रमोहन के पुत्र अमन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## युवती से छेड़छाड़ में एक नामजद

संवाददाता

देहरादून। युवती से छेडछाड कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने नाजमद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर निवासी महिला ने विकासनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी बेटी बाजार गयी थी जब वह खुराना ऑपटिकल के सामने पहुंची तभी सहसपुर निवासी अरमान सयद ने उसको वहां पर रोक लिया और उसके साथ छेडछाड करते हुए उसका हाथ पकडकर खींचने की कोशिश की तो उसकी बेटी ने जब उसका विरोध किया तो उसने गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगे 6 लाख रूपये

देहरादून (संवाददाता)। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कारगी बंजारावाला निवासी सुरेन्द्र सिंह गुसांई ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान शिवम विहार प्रशांत गुरूंग से हुई थी। प्रशांत ने उसको बताया कि उसका काम युवकों को विदेश में नौकरी दिलाने का हैं। जिसके बाद सुरेन्द्र ने अपने बेटे पंकज की भी विदेश में नौकरी लगाने की बात कहीं। जिसके बाद प्रशांत गुरूंग ने उससे कनाडा में उसके बेटे की नौकरी लगाने की बात कही और जनवरी 2020 में सुरेन्द्र ने प्रशांत को छह लाख रूपये कनाडा में उसके बेटे पंकज की नौकरी लगाने के लिए दे दिये। जिसके बाद प्रशांत ने उससे बेटे का पासपोर्ट आदि कागजात मंगाये तथा उसके बेटे को टूरिस्ट वीजा पर कनाडा भेज दिया। वहां जाकर उसके बेटे को पता चला कि वह यहां पर नौकरी करने नहीं बल्कि घुमने आया है तो उसके होश उड गये तथा उसने इसके बारे में अपने परिवार वालों को बताया। सुरेन्द्र सिंह गुसांई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रत्याशी गोदावरी थापली के समर्थन में कांग्रेस के स्टार प्रचारक और प्रियंका गांधी के प्रमुख सलाहकार आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक सभा को संबोधित किया। इस सभा में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सबसे पहले उत्तराखंड के वीर सैनिकों को नमन किया और शहीदों को याद किया।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने सभा को संबोधित करते हुए साफ तौर पर कहा कि मसूरी विधानसभा में वह प्रियंका गांधी के कहने पर आए हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि आप गोदावरी थापली को अपना विधायक बनाकर भेजिए और उन्हें विधायक से ऊंचा हम बनाएंगे कहा की जनता यह न समझे कि उत्तराखंड में कोई पहली बार विधायक बनने पर मंत्री नहीं बन सकता।




आचार्य प्रमोद कृष्णम का इशारा साफ तौर से इस बात पर था कि गोदावरी थापली के विधायक बनने पर मंत्री पद की संभावनाएं बहुत अधिक है। यदि ऐसा होता है तो मसूरी विधानसभा के विकास में यह सोने पर सुहागा हो सकता है।

## बैंक मैनेजर के खिलाफ करोड़ों की धोखाधड़ी का मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। पूर्व बैंक मैनेजर द्वारा फर्जी खाते खोल करोडों रूपये की धोखाधडी करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के निरंजनपुर शाखा के प्रबंधक अभिषेक राणा ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा कर्णप्रयाग चमोली के शाखा प्रबंधक अमित सिंह ने देहरादून में अपनी तैनाती के दौरान अपने पद का दुरूपयोग करते हुए फर्जी एवं कूटरचित तरीके से दो फर्जी ऋण खाते खुलवाकर उनमें 53 लाख रूपये और दूसरे में 48 लाख 50 हजार रूपये की धनराशि जारी कर जिसके दुरूपयोग करते हुए कूटरचित तरीके से उपरोक्त रिलीज की गयी धनराशि को भिन्न-भिन्न खातों में जारी कर उसका इस्तेमाल कर बैंक से धोखाधडी की गयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कौशिक ने जनसम्पर्क कर की भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील



हरिद्वार (संवाददाता)। भाजपा प्रत्याशी मदन कौशिक ने आज शिवमूर्ति से ललतारो पुल अपर रोड़ हरकी पैड़ी बड़ा बाजार में जनसैलाब के साथ जनसंपर्क कर जनता से भाजपा के पक्ष मे वोट देने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी मदन कौशिक ने क्षेत्रीय जनता व भाजपा नेताओं तथा कार्यकर्ताओं के साथ आज रोड शो व जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होने लोगों से विकास के नाम पर भाजपा को वोट देने की अपील की। इस दौरान मदन कौशिक ने कहा कि भूमिगत विद्युत लाइन ,भूमिगत गैस पाइपलाइन, सीवरेज, बिजली, पानी, सड़क के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज, राजकीय डिग्री कॉलेज, अस्पताल आदि सुविधाओं को स्थापित कर भाजपा द्वारा हरिद्वार के विकास में नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर जनता को भाजपा के पक्ष में मतदान करना चाहिए उन्होंने बताया कि 20 साल पहले हरिद्वार की सड़के, अस्पताल, कॉलेज, कॉलोनिया बिजली पानी सड़क आदि से वंचित थी। लेकिन उन्होंने अपने 20 वर्ष के कार्यकाल में हरिद्वार का चहुमुखी विकास किया है।

## नमों दिव्यांग अभियान ने दिया भाजपा को समर्थन

संवाददाता

देहरादून। नमों दिव्यांग अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित विकास शर्मा ने कहा कि प्रदेश के लगभग चार प्रतिशत दिव्यांग भाजपा को एक ओर अवसर देते हुए उसके पक्ष में मतदान करेंगे।

आज नमों दिव्यांग अभियान भारत के राष्ट्रीय समन्वयक एवं डिसएबल्ड हेल्पलाइन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित विकास शर्मा ने त्यागी रोड स्थित एक होटल में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि उत्तराखंड के लगभग 4 फीसदी दिव्यांग मतदाता डबल इंजन कि सरकार कि उपलब्धियों के साथ पुन: भाजपा को एक अवसर देगी। उत्तराखंड सरकार ने अभी दिव्यांग जनों कि मासिक पेंशन में



तीन सौ रूपये माह कि वृद्धि कि हैं और साथ ही पूर्व में राज्य दिव्यांग कल्याण बोर्ड का गठन किया, रोजगार सृजन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकलांग जनों को विकलांग से दिव्यांग बनाया । वर्षो तक सदन में लंबित रहे कानून दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 को पारित कर आरक्षण को तीन से चार फीसदी किया तथा शैक्षिक संस्थानों में पांच फीसदी किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को वाहन खरीद में दस फीसदी जी एस टी छूट, जनरल इन्स्योरेन्स के किश्त के भुगतान में पचास फीसदी कि छूट, रोड टैक्स पूर्ण माफ, फ्री टोल टैक्स फास्ट टेक, सुगम्यता पूर्ण वातावरण कि स्थापना कि स्थापना आदि कि योजना उपलब्ध करायी, दिव्यांग अभिभावकों को भी आयकर छूट का दायरा बढाया। शर्मा ने कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब दिव्यांग जनों को उनकी राजनीतिक भागीदारी और सामाजिक न्याय कि प्राप्ति भी इसी भाजपा के द्वारा संभव हैं। प्रेस वार्ता में उत्तराखंड नमो दिव्यांग अभियान दल के अस्ति दिव्यांग नेता अमित डोभाल, बधिर नेता संदीप अरोरा, सचिन वडेहरा, अपूर्व नौटियाल, गौरव नारंग, नितिन कुमार आदि दिव्यांग जन उपस्थित रहें।



कोरोना से डरे नहीं
सतर्क रहें, सुरक्षित रहें



## एक नजर

# दिल्ली में 14 फरवरी से खुलेंगे नर्सरी से 8वीं तक के स्कूल

नई दिल्ली । कोरोना के कारण लंबे समय तक बंद रहने के बाद, सोमवार (७ फरवरी) को कक्षा ६ से १२ के लिए स्कूल फिर से खुल गए हैं। जबकि १४ फरवरी से कक्षा नर्सरी से ८ तक के लिए फिर से खुलेंगे। पूर्वी दिल्ली के एक स्कूल के प्राथमिक विंग की प्रमुख अमिता शर्मा ने कहा,



च्पहले महीने के लिए, हम सिर्फ प्राथमिक कक्षाओं के छात्रों को बसने की योजना बना रहे हैं। इनमें से कुछ छात्रों ने कभी स्कूल में प्रवेश नहीं किया है। हम अलग योजना बना रहे हैं। शहर में स्कूलों को कुछ समय के लिए फिर से खोल दिया गया था, पिछले साल २८ दिसंबर को इसके ओमाइक्रोन के कारण की तीसरी लहर को देखते हुए फिर से बंद कर दिया गया था। जबकि केंद्र ने अपने दिशा–निर्देशों से छात्रों को शारीरिक रूप से स्कूलों में उपस्थित होने के लिए माता–पिता की सहमति को राज्य सरकार पर छोड़ा गया था। रोहिणी स्थित श्रीराम वंडर इयर्स स्कूल की प्रमुख शुभी सोनी ने कहा, हम चरणबद्ध तरीके से स्कूल खोल रहे हैं। एसएमएस और ईमेल के जरिये अभिभावकों को जानकारी दी जा रही है।

# ब्रिटेन में 'लासा फीवर' से एक की मौत, बढ़ा खतरा

लंदन। पूर्वी इंग्लैंड में एक परिवार के पश्चिम अफ्रीका की यात्रा से लौटने के बाद तीन लोग इबोला जैसे लासा फीवर से संक्रमित पाए गए हैं। ब्रिटेन में इससे संक्रमित होने वाले तीसरे शख्स की मौत हो गई है। ब्रिटेन की हेल्थ सिक्योरिटी एजेंसी ने इसके कई मामलों की पुष्टि करने के बाद नई मौत की भी जानकारी दी। बेडफोर्डशायर अस्पताल एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रवक्ता ने कहा, हम अपने ट्रस्ट के मरीज की दुखद मौत की पुष्टि करते है, जिसे लासा फीवर हुआ था।



यूकेएचएसए ने कहा कि आम जनता के लिए अब भी जोखिम बहुत कम है। लासा फीवर एक तीव्र वायरल बीमारी है, जिससे आंतरिक रक्तस्राव हो सकता है और कई अंगों को प्रभावित कर सकता है। लोग आमतौर पर भोजन या चूहे के मूत्र या मल के संपर्क में आई वस्तुओं के संपर्क में आने से संक्रमित हो जाते हैं। लेकिन यह संक्रमित व्यक्ति के पेशाब या पसीने से भी फैल सकता है। यह वायरल इबोला के परिवार का ही है। लेकिन उतना जानलेवा और संक्रामक नहीं है। जो (इबोला) कई पश्चिम अफ्रीकी देशों में एंडेमिक घोषित किया गया था। लासा फीवर से संक्रमित होने के बाद कुछ लोग पूरी तरह ठीक हो जाते हैं, जबकि कुछ बुरी तरह बीमार हो जाते हैं। इसकी उत्पत्ति उत्तरी नाइजीरिया के लासा शहर में हुई थी। जिसके बाद इसी के नाम पर फीवर को लासा नाम मिला।

# रूस किसी भी दिन यूक्रेन पर हमला शुरू कर सकता है: अमेरिका

वाशिंगटन। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच अमेरिका ने चेतावनी दी है कि रूस किसी भी दिन यूक्रेन पर हमला शुरू कर सकता है।व्हाइट हाउस ने कहा है कि रूस के पास यूक्रेन पर किसी भी समय आक्रमण करने के लिए सेना है। अमेरिकी नागरिकों को अगले ४८ घंटों के भीतर यूक्रेन छोड़ देना चाहिए। आक्रमण हवाई बमबारी से शुरू हो सकता




है, जिससे अमेरिकी नागरिकों को वहां से निकलना मुश्किल हो जाएगा। कई अन्य देशों ने भी अपने नागरिकों से यूक्रेन छोड़ने का आग्रह किया है। इनमें यूके, कनाडा, नीदरलैंड, लातविया, जापान और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि रूसी सेना अब एक बड़ी सैन्य कार्रवाई करने में सक्षम होने की स्थिति में है। हम स्पष्ट रूप से भविष्य की भविष्यवाणी नहीं कर सकते हैं। हम नहीं जानते कि वास्तव में क्या होने जा रहा है, लेकिन जोखिम अब काफी अधिक है। बाइडेन प्रशासन को यह नहीं पता कि क्या रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आक्रमण करने का अंतिम निर्णय लिया है, लेकिन क्रेमलिन सैन्य कार्रवाई को सही ठहराने के लिए एक बहाने की तलाश में है।

# कांग्रेस गरीबी हटाने वाली नहीं गरीबों को हटाने वाली पार्टीः मोदी

संवाददाता

देहरादून। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज रुद्रपुर में अपनी अंतिम जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस चुनाव में वायदे करती है और सत्ता में आने पर लूट करती है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस 40 साल से गरीबी हटा रही है लेकिन वह गरीबी तो नहीं हटा सकी लेकिन गरीबों को जरूर हटा दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने अभी संसद में भी कहा था कि देश की जनता ने कांग्रेस का हाथ और साथ छोड़ दिया है। जहां से उसे एक बार सत्ता से बाहर कर दिया वहां दोबारा नहीं घुसने दिया है। इस बार उत्तराखंड में भी यही करना है उन्होंने कहा कि सिर्फ भाजपा ही उत्तराखंड का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने स्वार्थ पूरे करने के लिए दूसरों का बुरा करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से वैक्सीन का विरोध किया और भ्रम फैलाया क्या कोई ऐसा कर सकता है? कांग्रेस चाहती थी कि वैक्सीन लोगों तक पहुंच ही न पाए। अगर वैक्सीनेशन न हुआ होता तो तीसरी लहर में क्या होता, क्या कोई बच पाता?



## ❑अमित शाह बोले भाजपा ही कर सकती है विकास
## ❑भाजपा ने अंतिम दिन प्रचार में झोंकी पूरी ताकत

मोदी ने कहा कि हमें आपकी सुरक्षा की चिंता है और विकास की रफ्तार की भी चिंता है। हमने महामारी काल में किसी को भी भूखा नहीं सोने दिया। पर्यटन प्रभावित हुआ तो मुख्यमंत्री धामी ने पर्यटन से जुड़े लोगों की मदद की और हमने रोजगार बचाने के लिए एस एम ई सेक्टर को भी ढाई लाख करोड़ की मदद की। उन्होंने कहा कि इस महामारी काल में अगर कांग्रेस सत्ता में रही होती तो क्या वह राशन आपके पास पहुंच पाता? बिचौलिए रास्ते में ही खा जाते और गरीबों का राशन बाजार में बिक गया होता। हमने गरीबों के खाते खुलवाए उनमें साल में तीन बार रुपए भी डाले गए, क्या कांग्रेस यह सब कर पाती। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार लोगों को घर दे रही है, शौचालय बनवा रही है, राशन दे रही है, हर घर तक नल और जल पहुंचा रही है। क्या कांग्रेस यह सब कर सकती थी? अगर कर सकती होती तो आज देश भर से लोग कांग्रेस को क्यों खदेड़ देते। कांग्रेस जहां से एक बार चली जाती है लोग फिर उसे दोबारा नहीं आने देते हैं अबकी बार उत्तराखंड की जनता को भी यही करना है।

उधर आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देहरादून में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में सहसपुर तथा धनोल्टी में जनसभाओं को संबोधित किया उन्होंने कहा कि सिर्फ भाजपा ही उत्तराखंड का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा कि इस राज्य को अटल ने बनाया था तथा प्रधानमंत्री ने सजाया संवारा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी इस राज्य का भला नहीं कर सकती और कांग्रेस की सरकार ने सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का कभी प्रयास नहीं किया। जब नरेंद्र मोदी सत्ता में आए तभी वन रैंक वन पेंशन लागू हो सकी। चार धाम का पुनर्निर्माण हो सका, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन पर काम शुरू हो सका, ऑल वेदर रोड बन सकी। राज्य में भाजपा ने सड़क, रेल व हवाई सेवा का विस्तार तेजी से किया है जन सुविधाओं का विकास तेजी से हो रहा है जिसे जारी रखने के लिए राज्य में फिर से डबल इंजन की सरकार जरूरी है। इसके अलावा आज राजनाथ सिंह ने

# कांग्रेस तो डूबता जहाज हैः योगी

## ❑किशोर उपाध्याय को भारी मतों से विजय बनाने की अपील

संवाददाता

देहरादून/टिहरी। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव प्रचार के आखरी दिन मैदान में उतरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज यहां टिहरी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी किशोर उपाध्याय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस को आस्था और देश का अपमान करने वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक डूबता जहाज है।

योगी ने कहा कि भाजपा की पहली प्राथमिकता राष्ट्र है, राष्ट्र है तो हम हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देव भूमि है। यह आस्था की गंगा बहती है। कांग्रेस इस देवभूमि की सभ्यता और संस्कृति के साथ घिनौना मजाक कर रही है। वह तुष्टीकरण की राजनीति पर आमादा है उत्तराखंड में धामों की बात होती है मंदिरों और मठों की बात होती है। गंगा यमुना की बात होती है। लेकिन कांग्रेस यहां मुस्लिम यूनिवर्सिटी बनाने की बात कर रही है। उन्होंने कहा कि आप को कांग्रेस को उसके मंसूबों में सफल नहीं होने देना है।

योगी ने कहा कि उत्तराखंड के पास क्या नहीं है ? अकेले पर्यटन से ही सब कुछ हो सकता है, उत्तराखंड के विकास के लिए पर्यटन ही काफी है। उन्होने कहा कि अब तक आप डबल इंजन की बात करते थे लेकिन मैं कह रहा हूं आपके पास ट्रिपल इंजन की सरकार है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का इंजन भी आपके साथ हैं। उन्होंने कहा कि अभी दून-दिल्ली हाईवे का प्रस्ताव मेरे सामने आया मैंने आंखें बंद कर उस पर हस्ताक्षर कर दिए उत्तराखंड का भला हो सकता है होना चाहिए।

योगी ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेता जो न हिंदू शब्द का अर्थ और न हिंदू धर्म को जानते हैं वह राहुल गांधी आज हिंदुत्व की परिभाषा कर रहे हैं उन्होंने राहुल गांधी को एक्सीडेंटल हिंदू बताते हुए कहा कि वह हिंदुत्व को क्या समझेंगे? उन्होने ने कहा कि विवेकानंद ने कहा था गर्व से कहो हम हिंदू हैं उन्होंने कहा कि हिंदू कोई सांप्रदायिक शब्द नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग अयोध्या में राम मंदिर बनने पर सवाल उठाते थे वह देख ले अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि किशोर उपाध्याय को 15 साल पहले मैंने कहा था कि कहां पड़े हो भाजपा में आ जाओ, उन्हें खुशी है कि आज वह हमारे साथ है।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने राज्य में जो विकास कार्य किए हैं वह कोई दूसरा नहीं कर सकता। उन्होने कहा कि उपाध्याय की भावनाएं राज्य के विकास की भावनाएं हैं वह अब भाजपा में रहकर पूरी होगी। योगी ने भाजपा कार्यकर्ताओं व जनता से भारी बहुमत से उन्हें जिताने की अपील की।

"टिहरी विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी किशोर उपाध्याय ने कहा कि विजयी एकादशी पर श्रद्धेय योगी आदित्यनाथ जी का टिहरी आकर मुझे आशीर्वाद प्रदान करने के लिये मैं अंतर्मन से कृतज्ञतापूर्ण आभार व्यक्त करता हूँ और टिहरी के भारतीय जनता पार्टी परिवार के सभी सदस्यों को सफल रैली के लिये हृदय से धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।"



आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*